प्रादेशिक समाचार
दिनांक–14.07.2024 (दोपहर–1455 बजे)

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि झारखण्ड में होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारियों में पार्टी जुट गई है। विधानसभा चुनाव के सिलसिले में उनका झारखण्ड आना लगातार जारी रहेगा। श्री चौहान आज रांची आने के बाद हवाई अड्डे पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इससे पहले रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने उनका हवाई अड्डे पर स्वागत किया।

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आज वाराणसी के श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में पूजा–अर्चना की। पत्नी कल्पना सोरेन के साथ भगवान शिव की पूजा करने पहुंचे श्री सोरेन ने राज्यवासियों के लिए सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री कल एक निजी कार्यक्रम में भाग लेने के लिए वाराणसी पहुंचे थे, जहाँ आज उन्होंने विश्वनाथ मंदिर में पूजा की और उसके बाद काल भैरव के मंदिर पहुंच माथा टेका।

****

नीति आयोग ने ई–फास्ट इंडिया पहल के अंतर्गत **नीति गियर शिफ्ट चैलेंज** शुरू करने की घोषणा की है। इस हैकथॉन का उद्देश्य देश की आर्थिक और पर्यावरणीय चुनौतियों का समाधान करते हुए भारत में कार्बन उत्सर्जन रहित ट्रक वाहनों के संचालन के लिए नवीन व्यवसाय मॉडल को बढ़ावा देना है। नीति आयोग ने इलेक्ट्रिक ट्रकों के संचालन में वित्तीय, तकनीकी और परिचालन चुनौतियों का समाधान करने वाले नवीन व्यवसाय मॉडल विकसित करने के लिए छात्रों, परिवहन सेवा पेशेवरों, शिक्षाविदों और शोधकर्ताओं को भी आमंत्रित किया है।

****

उपभोक्ता कार्य विभाग ने पैकेटबंद वस्तुओं में समानता बनाए रखने के लिए लीगल मेट्रोलॉजी (पैकेज्ड कमोडिटीज) नियम, 2011 में संशोधन का प्रस्ताव किया है। संशोधन में ऑफ़लाइन और ऑनलाइन दोनों प्लेटफार्मों पर खुदरा बिक्री के लिए प्री–पैकेज्ड वस्तुओं की सभी जानकारी घोषित करना अनिवार्य करने का प्रस्ताव है। उपभोक्ता कार्य, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने कहा कि संशोधन से पैकेटबंद वस्तुओं के लिए समान मानक और जरूरतें स्थापित करने में मदद मिलेगी, जिससे विभिन्न ब्रांडों और उत्पादों में स्थिरता और निष्पक्षता को बढ़ावा मिलेगा।

****

लोहरदगा जिले के कैरो प्रखंड क्षेत्र में हाथियों का उत्पात जारी है। बीती रात हाथियों के झुण्ड ने एक ग्रामीण के मकान को ध्वस्त कर दिया। इसके अलावा हाथियों ने घर में रखे गेंहू, चावल और धान समेत अन्य चीजों को खा लिया। साथ ही खेतों में लगी फसलों को भी बर्बाद कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि हाथियों का यह झुंड पिछले एक महीनेसे कैरो, कुडू और भंडरा प्रखंड क्षेत्र में उत्पात मचा रहे हैं। इधर, जिले के उपायुक्त डा. प्रसाद कृष्ण वाघमारे ने लोगों से सावधानी बरतने की अपील की है। ।

****

दुमका जिले का प्रसिद्ध बाबा बासुकीनाथ धाम श्रावणी मेला 22 जुलाई से शुरू हो रहा है। एक माह तक चलने वाले इस मेले में आने वाले भक्तों को सुविधा, सेवा और सुरक्षा उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन सभी तैयारियां को अंतिम रूप देने में जुटा है।

****

रांची जिला प्रशासन ने अखाड़ों को मुहर्रम जुलूस निकालने के रूट और समय को लेकर कई दिशा निर्देश दिये हैं। इस संबंध में उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा और वरीय पुलिस अधीक्षक

ने कर्बला चौक, कोनका रोड, सेंट्रल स्ट्रीट हिंदपीढ़ी, धौताल अखाड़ा ओर डोरंडा युनूस चौक का निरीक्षण भी किया है।

****

मौसम विभाग ने राज्य के कई हिस्सों में आज भारी बारिश होने की संभावना जताई है। विभाग ने चतरा, लोहरदगा, पाकुड़, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला खरसावा जिले में भारी बारिश को लेकर यलो अलर्ट भी जारी किया है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार राज्य में निम्न दबाव का असर अगले दो दिनों तक रह सकता है जिसके बाद बारिश में कमी आने की संभावना है।

****

भारत और जिम्बाब्वे के बीच पांच टी–20 क्रिकेट मैचों की श्रृंखला का अंतिम मुकाबला आज हरारे में खेला जाएगा। मैच भारतीय समयानुसार शाम साढ़े चार बजे से शुरू होगा। भारतीय टीम सीरीज में पहले ही 3–1 की अजय बढ़त ले चुकी है। इस बीच, बर्मिंघम में युवराज सिंह की अगुवाई में भारत ने पाकिस्तान को हराकर विश्व क्रिकेट चौंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स 2024 का खिताब अपने नाम कर लिया है।

******समाप्त************